भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 943
24 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम

†943. श्रीमती अपराजिता सारंगी:
श्री विनोद लखमशी चावड़ा:
श्री रमेश अवस्थी:
श्री जनार्दन मिश्रा:
श्री परिमल शुक्ला बैद्य:
श्री चन्द्र प्रकाश जोशी:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) असम सहित देश में सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के कार्यान्वयन में अब तक हुई प्रगति और देश में नए टीकों को लाने के लिए हाल ही में की गई पहलों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) असम के दूरदराज, जनजातीय, चाय बागान और बाढ़ प्रवण क्षेत्रों में टीकाकरण में सुधार के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं;
(ग) कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रबंधन से प्राप्त प्रमुख अनुभवों का ब्यौरा क्या है तथा असम सहित देश में वैश्विक महामारी की तैयारी, रोग निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया प्रणालियों को सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;
(घ) असम सहित देश में स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ताओं की क्षमता निर्माण और ऑक्सीजन अवसंरचना तथा गहन चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं; और
(ङ) क्या देश में रोग निगरानी, टीकाकरण ट्रेनिंग और सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए डिजिटल स्वास्थ्य प्लेटफार्मों और डेटा एनालिटिक्स का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा रहा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री
(श्री जगत प्रकाश नड्डा)

(क): देश और असम सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार पिछले 3 वर्षों के लिए पूर्ण प्रतिरक्षीकरण कवरेज **अनुलग्नक 1** में है। सभी 36 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में 14 वर्ष की आयु की चिह्नित और पात्र लाभार्थी लड़कियों के लिए 28 फरवरी 2026 को राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किया गया।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर-प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), उप-जिला अस्पताल (एसडीएच)/जिला अस्पताल (डीएच) और सरकारी मेडिकल कॉलेजों (जीएमसी) सहित नामित सरकारी स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों पर एचपीवी टीका नि:शुल्क प्रदान किया जाता है। विशेष रूप से ग्रामीण, जनजातीय और शहरी झुग्गी-झोपड़ी वाले क्षेत्रों की किशोरियों में टीकाकरण की उच्च दर सुनिश्चित

करने के लिए, रेडियो जिंगल्स, पोस्टर, बैनर, मिथकों को तोड़ने वाली डिजिटल सामग्री और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसी आईईसी सामग्री के माध्यम से जागरूकता बढ़ाई जाती है। देश के सभी 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में चिकित्सा और पैरामेडिकल कर्मचारियों के लिए एचपीवी टीकाकरण पर प्रशिक्षण पूरा कर लिया गया है।

(ख): असम सरकार द्वारा सूचित किए अनुसार, असम सरकार ने अल्पसेवित और दुर्गम क्षेत्रों (एचआरए), चाय बागान, बाढ़-प्रवण क्षेत्र, पहाड़ी इलाके तथा शहरी झुग्गी-झोपड़ी की आबादी तक पहुँचने के लिए विशेष उपाय किए हैं। प्रतिरक्षीकरण कवरेज में सुधार के लिए वाहन, नाव और एएनएम की नियुक्ति करके कार्यकलापों को सुदृढ़ किया गया है। नदी तटीय क्षेत्रों में नाव क्लिनिक के माध्यम से गर्भवती महिलाओं और बच्चों को भी प्रतिरक्षीकरण सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

(ग) और (घ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने महामारी से निपटने की तैयारी, रोग निगरानी और त्वरित अनुक्रिया प्रणालियों को निम्नानुसार सुदृढ़ किया है:

- वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री - आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) की शुरुआत देखभाल के प्राथमिक और मध्यम स्तरों पर सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूत करने; उभरती और पुनः उभरती बीमारियों के लिए रोग निगरानी, निदान और अनुसंधान की क्षमता बढ़ाने; और सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों पर प्रभावी ढंग से अनुक्रिया करने में सक्षम एक लचीली स्वास्थ्य प्रणाली विकसित करने के लिए की गई थी।
- रोग निगरानी गतिविधियों के निर्वहन हेतु एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) को सुदृढ़ किया गया। आईडीएसपी प्रशिक्षित बहु-विषयक रैपिड रिस्पांस टीमों (आरआरटी) के माध्यम से अनुक्रिया की एक विकेंद्रीकृत प्रणाली रखता है।
- भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने रोगजनकों के प्रयोगशाला आधारित निदान के लिए 160 से अधिक विषाणु अनुसंधान और निदान प्रयोगशालाओं (वीआरडीएल) का एक नेटवर्क स्थापित किया है।
- एकीकृत प्रशिक्षण चिकित्सा अधिकारी (एमओ), स्टाफ नर्स (एसएन), सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), सहायक नर्स मिडवाइफ (एएनएम) और आशाकर्मियों (और आशा सुविधाकर्ता) के लिए एक एकल, संरचित, और क्षमता-आधारित तंत्र है।
- राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन टैंक की आपूर्ति, साथ ही राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में प्रेशर स्विंग एड्सॉर्प्शन (पीएसए) प्लांट और मेडिकल गैस पाइपलाइन सिस्टम की स्थापना।

(ङ): रोग निगरानी के लिए प्रभावी रूप से उपयोग किए जाने वाले डिजिटल स्वास्थ्य प्लेटफ़ॉर्म में एकीकृत स्वास्थ्य सूचना मंच (आईएचआईपी), एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी), स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस), आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) पोर्टल और गैर-संचारी रोगों के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) पोर्टल शामिल हैं। ये पोर्टल प्रकोप का शीघ्र पता लगाने में सहायता के लिए वास्तविक समय में डेटा संग्रह, डेटा विश्लेषण, डेटा विज़ुअलाइज़ेशन और महामारी विज्ञान संबंधी जानकारी के प्रसार को सक्षम करते हैं। यू-विन प्लेटफ़ॉर्म सभी पात्र लाभार्थियों के लिए टीकों की डिजिटल ट्रैकिंग को सुगम बनाता है।

******

अनुलग्नक 1

24 जुलाई, 2026 को लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 943 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पिछले 3 वर्षों के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार पूर्ण प्रतिरक्षीकरण कवरेज (एफआईसी)

राज्य का नाम	2023-24	2024-25	2025-26
	% कवरेज*		
भारत	93.7	98.3	97.9
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	88.8	125.4	94.8
आंध्र प्रदेश	102.3	108.9	105.7
अरुणाचल प्रदेश	79.9	84.1	81.2
असम	85.4	91.8	89.6
बिहार	83.9	93.6	100.4
चंडीगढ़	99.6	112.9	106.7
छत्तीसगढ़	96.7	94.3	91.0
दिल्ली	105.5	100.0	92.3
गोवा	92.2	111.1	107.4
गुजरात	95.8	104.7	98.6
हरियाणा	92.3	105.9	104.5
हिमाचल प्रदेश	84.9	100.5	95.9
जम्मू और कश्मीर	111.4	103.3	106.6
झारखंड	97.7	95.4	95.1
कर्नाटक	99.2	107.7	104.2
केरल	86.9	105.4	91.3
लद्दाख	96.5	105.7	105.1
लक्षद्वीप	108.8	113.4	110.4
मध्य प्रदेश	94.8	99.3	97.6
महाराष्ट्र	101.2	100.8	98.6
मणिपुर	83.9	90.8	98.6
मेघालय	96.8	88.9	87.9
मिजोरम	101.5	84.2	80.5
नागालैंड	63.0	80.9	75.5
ओडिशा	82.9	99.2	96.1
पुदुच्चेरी	60.1	101.9	102.3

पंजाब	94.5	101.8	98.4
राजस्थान	76.7	85.2	89.2
सिक्किम	66.1	95.6	91.2
तमिलनाडु	86.7	98.5	95.8
तेलंगाना	107.6	118.4	117.2
दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	48.0	100.0	87.7
त्रिपुरा	98.4	97.7	96.9
उत्तर प्रदेश	99.3	98.8	99.1
उत्तराखंड	94.9	99.3	96.5
पश्चिम बंगाल	98.3	93.4	91.6

* स्रोत: 25 जून 2026 तक एचएमआईएस

******